22110132

International Baccalaureate®
Baccalauréat International
Bachillerato Internacional

HINDI A1 – STANDARD LEVEL – PAPER 2
HINDI A1 – NIVEAU MOYEN – ÉPREUVE 2
HINDI A1 – NIVEL MEDIO – PRUEBA 2

Monday 16 May 2011 (morning)
Lundi 16 mai 2011 (matin)
Lunes 16 de mayo de 2011 (mañana)

1 hour 30 minutes / 1 heure 30 minutes / 1 hora 30 minutos

INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

- Do not open this examination paper until instructed to do so.
- Answer one essay question only. You must base your answer on at least two of the Part 3 works you have studied. You may include in your answer a discussion of a Part 2 work of the same genre if relevant. Answers which are not based on a discussion of at least two Part 3 works will not score high marks.
- You are not permitted to bring copies of the works you have studied into the examination room.

INSTRUCTIONS DESTINÉES AUX CANDIDATS

- N'ouvrez pas cette épreuve avant d'y être autorisé(e).
- Traitez un seul sujet de composition. Vous devez baser votre réponse sur au moins deux des œuvres de la 3e partie que vous avez étudiées. Le cas échéant, vous pouvez inclure dans votre réponse une discussion sur une œuvre du même genre littéraire étudiée dans la 2e partie du programme. Les réponses qui ne sont pas basées sur au moins deux des œuvres de la 3e partie n'obtiendront pas une note élevée.
- Vous n'êtes pas autorisé(e) à amener des exemplaires des œuvres que vous avez étudiées dans la salle d'examen.

INSTRUCCIONES PARA LOS ALUMNOS

- No abra esta prueba hasta que se lo autoricen.
- Elija un tema de redacción. Su respuesta deberá basarse en al menos dos de las obras estudiadas en la Parte 3. Se podrán hacer comentarios sobre una obra de la Parte 2 del mismo género, si fuera necesario. Las respuestas que no incluyan una discusión sobre al menos dos obras de la Parte 3 no recibirán notas altas.
- No se permite traer a la sala de examen copias de las obras estudiadas.

© International Baccalaureate Organization 2011

https://xtremepape.rs/

नीचे लिखे हुए विषयों में से किसी ***एक*** *पर निबंध लिखिए। इस भाग में आपका उत्तर भाग ३ की पढ़ी हुई रचनाओं में से कम से कम दो रचनाओं पर आधारित होना चाहिए। आप भाग २ में पढ़ी हुई इसी प्रकार की कृतियों की व्यवहारिक चर्चा कर सकते /सकती हैं परन्तु आपका निबन्ध इन पर आधारित नहीं होना चाहिए। ऐसे उत्तर जो भाग ३ पर आधारित* ***नहीं*** *है उन्हे सर्वाधिक अंक* ***नहीं*** *दिए जाएंगे।*

कविता

१. एक अच्छी कविता न केवल तार्किक होती है बल्कि हमारे दिल पर अपना अमिट प्रभाव छोड़ देती है। जिन दो कवियों की दो या तीन कविताओं को आपने पढ़ा है उनके आधार पर बताइए कि इस कथन से आप किस सीमा तक सहमत हैं ?

२. अपनी पढ़ी हुई दो कवियों की दो या तीन कविताओं के आधार पर कवियों द्वारा अपने भावनात्मक अनुभवों को प्रस्तुत करने के लिए प्रयुक्त साधनों की तुलना कीजिए।

उपन्यास

३. जिन दो या तीन उपन्यासों को आपने पढ़ा है, उनकी तुलना के आधार पर बताइए कि उनके कुछ संवाद उपन्यास को प्रभावशाली बनाने में कितने महत्त्वपूर्ण हैं ?

४. अपने पढ़े हुए दो या तीन उपन्यासों के आधार पर उपन्यासकारों द्वारा प्रस्तुत धन लोलुपता, कुर्सी की ललक अथवा महत्वाकांक्षा से उपजे संबंधों की तुलना कीजिए।

कहानी

५. कहानी को रोचक बनाने में समय और स्थान सार्थक भूमिका निभाते हैं। अपनी पढ़ी हुई दो या तीन कहानीकारों की रचनाओं के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

६. कहानी में कहानी का उत्कर्ष सबसे अधिक रूचिकर होता है। अपनी पढ़ी हुई दो कहानीकारों की दो या तीन कहानियों के आधार पर कहानियों के उत्कर्ष की तुलना कीजिए।

https://xtremepape.rs/

नाटक

७. नाटक में तनाव, असंतुष्टि, छटपटाहट, प्रतिरोध और अस्वीकार जैसे नकारात्मक तत्वों की जितनी ज्यादा उपस्थिति होगी वह उतना ही गहरा और सशक्त नाटक साबित होगा। अपने पढ़े हुए दो या तीन नाटकों के आधार पर नाटककारों द्वारा की तुलना करते हुए बताइए कि आप इस कथन को किस सीमा तक तथ्यपरक एवं सत्य मानते हैं ?

८. नाटक के संवाद चाहे कितनी ही कठिन भाषा में क्यों न लिखे गए हो, स्थिति और परिवेश के अनुसार यदि वे स्वभाविक जान पड़ते हैं तब उनके दर्शक तक संप्रेषित होने में कोई कठिनाई नहीं है। आपने जिन दो या तीन नाटकों को पढ़ा है, उनकी तुलना करते हुए अपनी सहमति अथवा असहमति व्यक्त कीजिए।

निबंध

९. जिन दो निबंधकारों की दो या तीन निबंधों को आपने पढा है, उनके निष्कर्षो के प्रस्तुतीकरण की विशेषताओं की तुलना कीजिए और बताइए कि ये पाठक पर कैसा प्रभाव डालती हैं ?

१०. एक निबंधकार अपने विचारों को प्रस्तुत करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक ढंग से प्रस्तुत करता है। जिन दो निबंधकारों को आपने पढा है, उनके द्वारा प्रस्तुत निबंधों की शैली के प्रभावों की तुलना कीजिए।

साधारण प्रश्न

११. “साहित्य में हास्य और व्यंग्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है।” आपने जिन दो रचनाकारों की दो या तीन रचनाओं को पढ़ा है उनके द्वारा प्रस्तुत विषयवस्तु के आधार इस कथन की समीक्षा कीजिए।

१२. साहित्यिक रचनाओं में लेखक अक्सर आम आदमी के दुख दर्द की अभिव्यक्ति करता है। अपनी पढ़ी हुई किसी दो रचनाकारों की दो या तीन रचनाओं के संदर्भ में इस कथन की विवेचना कीजिए।

१३. साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में प्रेम की पराकाष्ठा एवं प्रेम में असफलता से उत्पन्न होनेवाले परिणाम को अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया है। किन्हीं दो रचनाकारों की कृतियों के सन्दर्भ में प्रेम की प्रस्तुति की तुलना कीजिए।

१४. साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी के बदलते सोच एवं दो पीढ़ियों के मध्य के संघर्ष एवं संबंधों को प्रस्तुत किया है। अपनी पढ़ी हुई दो रचनाकारों की, दो या तीन रचनाओं के आधार पर पीढ़ियों के मध्य के संघर्ष एवं संबंधों की विवेचना कीजिए।

https://xtremepape.rs/